पुराने नौकर ने घर में घुसकर बुजुर्ग दम्पति से चाकू की नोंक पर लूटपाट की

कोटा, शहर में बदमाशों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे है। बदमाश घर में घुसकर वारदात को अंजाम देने लगे है। शहर के विज्ञान नगर इलाके में मंगलवार रात ऐसा ही मामला सामने आया। एक बदमाश ने बुजुर्ग दम्पति के घर में घुसकर चाकू की नोंक पर लूटपाट की। बुजुर्ग महिला ने हिम्मत दिखाते हुए मौका पाकर छत पर जाकर जोर-जोर से घर में चोर आ गया चिल्लाने लगी। चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों और पुलिस की सजगता से बदमाश को घर के बाहर पार्क में दबोच लिया । बदमाश, बुजुर्ग दम्पति के घर चार साल पहले नौकर रह चुका है। जानकारी के मुताबिक टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ सीए सुरेश सोमानी का विज्ञान नगर मेन रोड पर मकान है। रात करीब नौ बजे एक व्यक्ति ने बेल बजाई। सोमानी ने गेट खोल दिया। गेट खोलते ही बदमाश तेजी से अंदर घुस गया और सोमानी के धक्का देकर गिरा दिया। चिल्लाने पर चाकू मारने की धमकी दी। हल्ला सुनकर सोमानी की पत्नी आई तो उन्हें भी चाकू की नोंक पर रसोई में ले गया। ओर चुपचाप बैठने को कहा। बदमाश ने अलमारी की चाबियां मांगी। ये सब देखकर बुजुर्ग दम्पती घबरा गए। उन्होंने अलमारी की चाबी बदमाश को दे दी। बदमाश ने अलमारी में रखे करीब 5 हजार रुपए लूट लिए और गहनों के बारे में पूछने लगा। मौका देखकर सोमानी की पत्नी छत के ऊपर चली गई और चिल्लाने लगी। इससे मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। ओर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर आ गए। इधर हड़बड़ी में बदमाश घर के निकलकर पार्क में भाग गया। पुलिस ओर लोगों ने घेरकर उसे पकड़ लिया। आरोपी युवक देवेन्द्र (30) ग्राम बड़ावदा तहसील चाचौड़ा जिला गुना मध्यप्रदेश का निवासी है। युवक उनके यहां चार साल पहले नौकर रह चुका है। आरोपी युवक ने शहर दो-तीन वारदातों को भी अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घर पर 3 लाख की रिश्वत लेते धराए डीएसपी, एसीबी को देख पड़ोसी की छत पर कूदे

अलवर, जयपुर एसीबी की स्पेशल टीम ने अलवर में पुलिस डीएसपी सपात खान और पुलिस लाइन के ड्राइवर असलम को 3 लाख की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया है। एसीबी ने डीएसपी के एनईबी आवास से दोनों को पकड़ा है। डीएसपी ने तिजारा के बेरला गांव निवासी राशिद खान को अलग-अलग 13 पुलिस केस में राहत दिलाने के नाम पर 13 लाख की रिश्वत मांगी थी। राशिद ने ही इसकी जयपुर स्थित एसीबी ऑफिस में की। जांच के बाद एसीबी ने डीएसपी को ट्रैप का प्लान किया। बुधवार को परिवादी राशिद पहली किस्त के तौर पर डीएसपी को तीन लाख रुपए देने एनईबी स्थित उनके आवास पर ड्राइवर असलम के साथ पहुंचा। वहां असलम ने रुपए लेकर डीएसपी को दिए। डीएसपी ने रुपए को वहां एक बक्से में रखा। तभी पहले से तैयार एसीबी टीम ने दबिश दे दी। एसीबी को देखकर डीएसपी तीन मंजिला घर की छत पर भाग गए और वहां पड़ोसी की छत पर कूद गए। हालांकि, पहले से ही तैयार एसीबी ने डीएसपी और ड्राइवर असलम को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी सपात खान तिजारा निवासी परिवादी ने 5 जनवरी को जयपुर मुख्यालय आकर शिकायत दी थी कि मेरे परिवार के खिलाफ विरोधी गुट के लोगों ने कई केस दर्ज करा रखें हैं। इनमें गिरफ्तार नहीं करने, धाराएं कम करने और नाम हटाने के नाम की एवज पर पुलिस विभाग में ड्राइवर असलम के जरिए अलवर ग्रामीण डीएसपी सपात खान, अरावली विहार थानाधिकारी जहीर अब्बास और डीएसटी प्रभारी अलवर की ओर से 13 रुपए की रिश्वत मांगी गई है।

बर्ड फ्लू का खौफ:शिवराज ने आला अफसरों की आपात बैठक बुलाई

भोपाल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बर्ड फ्लू के खतरे से निपटने के लिए बुधवार को आला अफसरों के साथ आपात बैठक की। इसमें फैसला लिया गया कि दक्षिण भारत के कुछ राज्यों से कुछ दिनों के लिए पोल्ट्री का कारोबार रोक दिया जाए। सीएम ने कहा कि एहतियात के तौर पर यह अस्थाई रोक लगाई गई है। इंदौर, आगर-मालवा और मंदसौर में कुछ कौवों की मौत के बाद सावधानी बरती जा रही है। हालांकि, अभी प्रदेश में संकट जैसी स्थिति नहीं है। बचाव के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। बैठक में केंद्र सरकार की गाइडलाइन पर भी चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग इसे लेकर जिलों में गाइडलाइन पर अमल करने के निर्देश देगा। स्वास्थ्य विभाग के एक अफसर ने बताया कि केंद्र सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने मध्यप्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और केरल में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद रोज जानकारी लेने के लिए दिल्ली में एक कंट्रोल रूम बनाया है। 23 दिसंबर से 3 जनवरी 2021 तक इंदौर में 142, मंदसौर में 100, आगर-मालवा में 112, खरगोन जिले में 13 और सीहोर में 9 कौवों की मौत हुई है। मृत कौवों के नमूने तुरंत भोपाल स्थित स्टेट डीआई लैब भेजे गए हैं। हालांकि, पशुपालन मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने कहा कि कौवों में पाया जाने वाला वायरस एच5एन8 अब तक मुर्गियों में नहीं मिला। मुर्गियों में पाया जाने वाला वायरस एच5एन1 होता है। जिलों में तैनात पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि कौवों की मौत की सूचना मिलते ही तुरंत रिपोर्ट भेजी जाए। पोल्ट्री और पोल्ट्री प्रोडक्ट्स मार्केट, फार्म, तालाब और प्रवासी पक्षियों पर खास नजर रखी जाए और प्रवासी पक्षियों के नमूने भोपाल लैब को भेजे जाएं।

बर्ड फ्लू डेस्संभाग में अब तक 438 पक्षियों की मौत, रामगंजमंडी, बारां के 11 सैंपल पॉजिटिव

कोटा, झालावाड़ से शुरू हुआ बर्ड फ्लू अब संभाग के सभी जिलों में फैल गया है। संभाग में अब तक 471 पक्षियों की मौत हो चुकी है। मंगलवार को भी कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां में 144 पक्षियों की मौत हुई है। चिंता इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि मंगलवार को रामगंजमंडी के 6 और बारां के 5 पक्षियों के सैंपल पॉजिटिव मिले हैं। भोपाल की लैब से मिली रिपोर्ट के अनुसार 2 जनवरी को भिजवाए गए सैंपल में बर्ड फ्लू यानी एच-5 एन 8 वायरस पाया गया है। इसके बाद पशुपालन, चिकित्सा और वन विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। प्रदेश में सबसे पहले झालावाड़ में बर्ड फ्लू का मामला सामने आया था। झालावाड़ के राड़ी के बालाजी क्षेत्र में 25 दिसंबर से कौओं की मौत की शुरुआत हुई थी। भोपाल की लैब से 30 दिसंबर को इनकी रिपोर्ट में बर्ड फ्लू होने की पुष्टि हुई थी। अब स्थिति ये है कि पूरे संभाग में पक्षियों की मौत हो रही है।

मंगलवार को बसंत विहार के एक पार्क में 3 बगुले मृत मिले। पशु पालन से लेकर जिला प्रशासन ने एहतियात बरतना शुरू कर दिया है। कलेक्टर उज्ज्वल राठौड़ ने अधिकारियों को मीटिंग लेकर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को जिले में कुल 20 पक्षियों की मौत हुई हैं। कोटा में कुल अब तक 118 पक्षियों की मौत हो चुकी है। बसंत विहार के भूतेश्वर पार्क में तीन बगुलों की मौत के बाद पार्क में एंट्री पर रोक लगा दी है।

बसंत विहार के भूतेश्वर पार्क में तीन बगुलों की मौत ॽ बसंत विहार स्थित भूतेश्वर पार्क मे मंगलवार सुबह तीन बगुले मृत मिले। सूचना पर दक्षिण के उपमहापौर पवन मीणा के साथ निगम, पशुपालन और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पशुपालन विभाग की टीम ने जांच के लिए सैंपल लिए। उपमहापौर मीणा ने बताया कि वार्ड पार्षद पीडी गुप्ता की सूचना पर निगम टीम के साथ घटनास्थल पहुचे। पार्क में लोगों की एंट्री बंद कर दी है। निगम की और से पार्क को सेनेटाइज करवाया गया। निगम की ओर से भी अब हैल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा।

झालावाड़ में मंगलवार को 53 पक्षियों की मौत हुई। इसमें 37 कौए और 6 मोर सहित दूसरे पक्षी शामिल हैं। झालावाड़ में कौओं के अलावा 5 बगुले, 2 तोते, 1 कबूतर, 1 कोयल और 1 चिड़िया की भी मौत हुई है।

बारां के माथना में मृत मिले कौओं में बर्ड फ्लू की पुष्टि हो गई है। भोपाल से मिली रिपोर्ट में 5 सैंपल में बर्ड फ्लू होने की पुष्टि हुई है। पशुपालन विभाग ने जिला प्रशासन से माथना में जीरो मोबिलिटी लागू करने की सिफारिश की है। मंगलवार को जिले में 38 कौए मृत मिले हैं।

बर्ड फ्लू के संभावित खतरे के बीच बूंदी के रघुनाथपुरा गांव में मंगलवार को बड़ी संख्या में पक्षियों के मृत मिलने की सूचना के बाद पशुपालन विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर हरकत में आई डॉक्टरों की टीम सुबह ही रघुनाथपुरा गांव में पहुंच गई और सर्वे शुरू कर दिया।

धरावन पंचायत के रघुनाथपुरा गांव में 33 मुर्गे-मुर्गियां व चूजे मृत मिले हैं। इन पक्षियों के शव करीब एक किमी के दायरे में पड़े हुए थे। शवों को एकत्रित करने के बाद सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच के लिए कोटा भिजवाया गया। प्रो. अनिल कुमार छंगाणी, विभागाध्यक्ष पर्यावरण विभाग, महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी बीकानेर बर्ड फ्लू के इंसानों में ट्रांसमिशन के पूरे चांस हैं, लेकिन यह वायरस इंसानों से दूसरे इंसान में नहीं फैलता है। लेकिन, संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने से इंसान भी संक्रमित हो सकते हैं। यह वायरस बाहर सेआने वाले पक्षियों से ही स्थानीय पक्षियों के आने की संभावना है। बाहर से आने वाले पक्षियों में यह वायरस रिजर्व में होता है। लेकिन, जब ये पक्षी यहां स्थानीय पक्षियों के संपर्क में आते हैं तो यह उन्हें संक्रमित कर देता है। चुग्गा स्थल से लेकर पोल्ट्री फॉर्म में फैलने की अधिक संभावना है। संक्रमित चिकन और अंडों के सेवन से भी ये फैल सकता है। ऐसी स्थिति में डोमेस्टिक बर्ड को मारने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है।

हाथ-पैर को बिजली के तार से बांधकर युवक को मारा, खंडहर में मिला शव

अजमेर, अजमेर के ब्यावर के निकट खरवा इलाके में एक सुनसान खंडहरनुमा भवन में युवक की लाश मिली। युवक के हाथ-पैर बिजली के तार से बंधे हुए थे। सूचना मिलने पर ब्यावर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की शिनाख्त 21 वर्षीय जयराम दमामी के रूप में हुई। अजमेर से आई एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, बुधवार सुबह कुछ लोग राजकीय बालिका स्कूल के पास बने खंडहरनुमा भवन में गए तो वहां कोने में युवक की बॉडी देखी। उसके हाथ-पांव तार से बंधे हुए थे। बाद में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में सदर थाना पुलिस को सूचना की और पुलिस मौके पर पहुंची। सदर थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह जोधा ने बताया कि पुलिस ने शव के बारे में पूछताछ की तो पता चला कि युवक गांव का रहने वाला था। उसका नाम जयराम दमामी था।प्रारम्भिक जांच में पता चला कि युवक को यही पर हाथ पैर बांधकर मारा गया। ग्रामीणों से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि मंगलवार दोपहर को तो कुछ युवक पतंग उड़ाने आए थे और तब यहां कोई शव नहीं था। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि मृतक को मंगलवार दोपहर तीन बजे करीब पतंग उड़ाते हुए देखा था। इसके बाद उसे नहीं देखा। शाम को घर नहीं पहुंचा तो तलाश भी की गई। लेकिन कहीं चला गया होगा आ जाएगा, यह मानकर घर वालों ने ज्यादा पता नहीं किया।

जेल जाने के बाद पहली बार दिखा राम रहीम

चंडीगढ़, दुष्कर्म और हत्या के मामले में 20 साल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की शक्ल जेल जाने के बाद पहली बार नजर आई है। बाबा का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह नजर आ रहा है। बाबा करीब 3 महीने पहले अपनी बीमार मां को देखने के लिए एक दिन की पैरोल पर गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल गया था। उस दौरान बाबा को बख्तरबंद गाड़ी में 300 जवानों की सुरक्षा में अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन इतनी कड़ी सुरक्षा के बीच बाबा का वीडियो बनाया गया और अब यह वायरल हो रहा है।

हरियाणा सरकार और जेल प्रशासन ने मीडिया को राम रहीम को पैरोल देने की भनक नहीं लगने दी थी। लेकिन, जब बात सामने आई तो गुपचुप तरीके से बाबा को पैरोल देने का मामला काफी उछला। सरकार और जेल प्रशासन पर सवाल उठाए गए, जिनका जवाब देने के लिए खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सामने आना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह जेल प्रशासन का काम है। जेल मेन्युअल में जेल सुपरिंटेंडेंट को विशेष अधिकार होता है। राम रहीम की मां बीमार थी तो उन्हें उनकी मां से मिलवा दिया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें अस्पताल ले जाया गया और सूर्यास्त से पहले वापस ले आए। बस बात खत्म हो गई। सूत्रों के मुताबिक, राम रहीम 24 अक्टूबर 2020 को शाम तक अपनी बीमार मां के साथ रहा। इस दौरान उसकी सुरक्षा में हरियाणा पुलिस की तीन टुकड़ियां तैनात थीं। एक टुकड़ी में 80 से 100 जवान थे यानी 250 से 300 जवानों की तैनाती की गई थी। बाबा को जेल से बख्तरबंद गाड़ी में लाया गया था। जिस फ्लोर में उसकी मां का इलाज चल रहा था, उसे पूरा खाली कराया गया था।

इस मामले की पुष्टि रोहतक एसपी राहुल शर्मा ने की थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें जेल सुपरिंटेंडेंट से राम रहीम के गुरुग्राम दौरे के लिए सुरक्षा व्यवस्था करने का निवेदन मिला था। 24 अक्टूबर को सुबह से लेकर शाम ढलने तक सुरक्षा उपलब्ध करवाई गई थी। सब कुछ शांति से हुआ। इस मामले पर प्रदेश के जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने भी अपनी सफाई दी थी। उन्होंने कहा था कि राम रहीम को सारे नियम को ध्यान में रखते हुए पैरोल दी गई थी।

पानीपत के बिजली अधिकारियों से परेशान बुजुर्ग ने शिकायत के साथ दी बददुआओं की चिट्ठी

पानीपत, बिजली निगम के सेक्टर-6 स्थित ऑफिस में ष्टत्नक्र्न की ओर से खुले दरबार में एक बुजुर्ग शिकायत के साथ बिजली अधिकारियों के लिए बददुआ लिखी चिट्?ठी लेकर पहुंच गया। चेयरमैन क्र्य शर्मा चिट्?ठी को देख हैरान रह गए। उन्होंने बुजुर्ग की समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। खुले दरबार में सबसे अधिक गलत बिजली बिल से संबंधित शिकायतें रही। शहर की न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के किशोर बत्रा ने बताया कि उन्होंने सनौली रोड पर एक बिल्डिंग ली थी। जिसमें घर और दुकानें बनी हैं। बिल्डिंग में चार मीटर लगे थे। जिनमें से दो डिफाल्टर हैं। उन्होंने एक मीटर का 75 हजार रुपए का बिल भर दिया और नए कनेक्शन के लिए एप्लाई किया। अब बिजली अधिकारी दूसरे मीटर का बकाया 1 लाख 3 हजार का बिल भी उन्हीं से भरवाना चाहते हैं। किला सब डिविजन के स्ठ्ठ और छ्वश्व ने गलत मीटर का कनेक्शन काट दिया। उन्होंने खुले दरबार में शिकायत दी तो बिजली अधिकारियों ने चेयरमैन को भी गलत फीडबैक दिया। वह 6 माह से कनेक्शन के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अधिकारी नहीं सुन रहे। अब परेशान बुजुर्ग ने शिकायत के साथ बिजली अधिकारियों के लिए बददुआओं की चिट्?ठी भी चेयरमैन को थमा दी। इसे देख वह हैरान रह गए। बुजुर्ग ने टेंशन में मौत होने पर किला डिविजन के स्ठ्ठ, छ्वश्व व ष्ठ को जिम्मेदार मानने की चिट्?ठी भी लिखी है।

मुद्रक एवं प्रकाशक-मयुर सी. भट्ट, मालिक-कल्याणी पब्लिकेशन प्रा.लि. छपाया महादेव ऑफसेट, एच-47, रवि एस्टेट, रूस्तम मिल कम्पाउंड, दूधेश्वर, अहमदाबाद प्रकाशन स्थल-201, 202, 208 नंदन कोम्पलेक्ष, मीठाखली, अहमदाबाद-6. संपादक-चुनीलाल एस. भट्ट, फोन-26568477, 26409779.
E : alpaviram1@yahoo.com

सिरसा में बारिश होने से कमरे की छत गिरी, बेटे की मौत और पिता गंभीर रूप से घायल

सिरसा, हरियाणा के सिरसा जिले में बुधवार की सुबह एक मकान की छत सो रहे पिता-पुत्र पर गिर गई। छत बारिश होने की वजह से गीली थी और उस पर पानी भर गया था, जिसके चलते वह कमजोर होकर ढह गई। हादसे में बेटे की मौत हो गई है, वहीं पिता गंभीर रूप से घायल हैं। बेटे की मौत होने से वे सदमे में भी हैं। नागरिक अस्पताल के निकट स्थित एक कॉलोनी की घटना है। चीख पुकार की आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़े आए और उन्होंने बचाव अभियान चलाते हुए दोनों पिता-पुत्र को बाहर निकाला। लेकिन, तब तक पुत्र की मौत हो चुकी थी।

खाते से 15 सो रुपये कटे तो छात्र ने कस्टमर केयर पर लगाया फोन

कोटा, शहर के जवाहर नगर थाना इलाके में एक कोचिंग छात्र के साथ साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। यूपी के बहराइच का निवासी मनीष त्रिवेदी ने जवाहर नगर थाने में ठगी की शिकायत दी है। शिकायत में उसने बताया कि वो कोटा में रहकर मेडिकल की तैयारी कर रहा है। 1 जनवरी को उसने ड्डञ्जरूसे पैसे निकाले थे। उसके अकाउंट से 1500 रुपये कट गए। इसकी शिकायत के लिए 3 जनवरी को कस्टमर केयर का नंबर अपने मोबाइल पर गूगल पर सर्च किया, जो कि वो ही नंबर निकला जो छात्र के एटीएम के पीछे लिखा था। कस्टमर केयर से जवाब मिला कि एनीडेस्क मोबाइल एप्प डाउनलोड लेकर राशि निकाल लें। बात करने वाले ने बैंक कर्मी बनकर उससे ओटीपी नम्बर पूछे। उसकी बात में आकर ओटीपी नम्बर बताया। तो उसके अकाउंट से 99 हजार कट गए। उसी दिन दूसरी बार फोन किया तो अकाउंट से 41 हजार रुपये ओर कट गए। उसके अकाउंट से 3 जनवरी को दो बार में 1 लाख 40 हजार गायब हो गए। जवाहर नगर थाना सीआई रामकिशन मेघवाल ने बताया कि मनीष त्रिवेदी ने लिखित शिकायत दी है। जिसमें एक बार 99 हजार व दूसरी बार में 41 हजार अकाउंट से कटना बताया है। मामले की जांच की जा रही है।

सीए के घर में घुसकर चाकू की नोक पर लूटपाट की, भागने से पहले पकड़ा

कोटा, विज्ञान नगर थाना इलाके में मंगलवार रात करीब नौ बजे एक बदमाश सीए के घर में घुसा और चाकू की नोक पर लूटपाट की। सीए की पत्नी ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाश से मुकाबला किया और छत पर जाकर शोर मचाया। चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उन्होंने बदमाश को घर के बाहर पार्क में दबोच लिया है। आरोपी चार साल पहले सीए का नौकर रह चुका है। टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सीए सुरेश सोमानी का विज्ञान नगर मेन रोड पर मकान है। रात करीब नौ बजे घंटी बजी तो सोमानी ने गेट खोल दिया। गेट खुलते ही आरोपी तेजी से अंदर घुस गया और सोमानी के धक्का देकर गिरा दिया, चाकू निकाल लिया। चिल्लाने पर चाकू मारने की धमकी दी। हल्ला सुनकर सोमानी की पत्नी आई तो उन्हें भी चाकू की नोक पर रसोई में ले गया और अलमारी की चाबियां देने को कहा। उन्होंने अलमारी की चाबी सौंप दी। अलमारी में रखे 4 से 5 हजार रुपए लूट लिए। मौका देखकर सोमानी की पत्नी छत पर चली गई और चिल्लाने लगी। इससे मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए सूचना भी पुलिस भी मौके पर आ गए। हड़बड़ी में आरोपी सामने पार्क में भाग गया। पुलिस और लोगों ने घेरकर उसे पकड़ लिया।

परिवार समेत वसुंधरा से मिले जनता सेना सुप्रीमो रणधीर सिंह

उदयपुर, जनता सेना सुप्रीमो रणधीर सिंह भींडर ने पत्नी और बेटे के साथ पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से मंगलवार को मुलाकात की। जैसे ही मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई उसके बाद से राजनीतिक हलकों में चर्चाएं शुरू हो गईं। कुछ लोग इस मुलाकात को भींडर की भाजपा में वापसी की कोशिशों के तौर पर देख रहे हैं। रणधीर सिंह ने राजे से धौलपुर स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान भींडर के साथ जनता सेना के नवनिर्वाचित प्रधान, उप प्रधान भी मौजूद रहे हैं। इस मुलाकात को लेकर भास्कर से बातचीत में रणधीर सिंह भींडर ने वसुंधरा राजे को अपना नेता बताया। उन्होंने कहा, %हम मैडम (वसुंधरा राजे) के साथ थे, हैं और रहेंगे।% उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश भाजपा से हमें कोई आपत्ति नहीं है। हम उनका समर्थन करते हैं। लेकिन बस मेवाड़ भाजपा को लेकर हमें आपत्ति है और हम उसका पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने राजे से अपनी मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया। कहा- जनता सेना के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने वसुंधरा राजे से आशीर्वाद लिया है। हमने मैडम को मेवाड़ आने का निमंत्रण दिया है, ताकि मेवाड़ की जनता अपनी नेता से मिल सके। जनता सेना सुप्रीमो रणधीर सिंह भींडर साल 2003 से 2008 तक भारतीय जनता पार्टी के ही विधायक थे। लेकिन गुलाबचंद कटारिया की खिलाफत के बाद साल 2013 में रणधीर सिंह को बीजेपी ने टिकट नहीं दिया। इसके बाद रणधीर सिंह निर्दलीय जनता सेना के बैनर तले चुनावी रण में उतरे और जीत हासिल की। इस दौरान रणधीर सिंह ने कई बार खुले मंच से ही भाजपा का समर्थन किया और वसुंधरा राजे को अपना नेता बताया। इसके बाद साल 2013 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी अपनी यात्रा लेकर भींडर पहुंची और रणधीर सिंह के कार्यों की तारीफ भी की। लेकिन फिर से बीजेपी ने रणधीर सिंह को टिकट नहीं दिया। ऐसे में रणधीर सिंह एक बार फिर जनता सेना के बैनर तले चुनावी रण में उतरे और 4000 वोटों से चुनाव हार गए। लेकिन रणधीर सिंह लगातार राजनीति में सक्रिय रहे।बीते 2 साल में जनता सेना के बैनर तले रणधीर सिंह ने निगम, निकाय, और पंचायत चुनाव में अपने प्रत्याशियों को उतारा और मेवाड़ भाजपा की खिलाफत जारी रखी। बता दें कि रणधीर सिंह भींडर राजघराने से आते हैं। ऐसे में उनका वल्लभनगर विधानसभा सीट के साथ ही राजपूत बाहुल्य सीटों पर अच्छा खासा प्रभाव है। रणधीर सिंह को वल्लभनगर के साथ ही उदयपुर की जनता अब भी प्यार से महाराज साहब के नाम से संबोधित करती है।

सरकार झुक नहीं रही, अब मौसम की मार बढ़ी : किसानों का दोहरा इम्तिहान

अलवर, कृषि कानूनों के विरोध में बीते 34 दिनों से अलवर के शाहजहांपुर बॉर्डर पर डटे किसान के सामने इन दिनों दोहरा इम्तिहान है। केन्द्र सरकार कानून वापस लेने के मामले में झुकने को तैयार नहीं है। वहीं दूसरी तरफ मौसम की मार बढ़ती जा रही है। पहले दो दिन बारिश से किसानों के तम्बू सहित पूरा सामान भीग गया। सर्दी के कारण रातभर किसान अलाव के सहारे रहे। अब कोहरे से पूरा क्षेत्र अटा पड़ा है। मतलब किसानों को मौसम से भी राहत नहीं मिल रही न ही सरकार कानून वापस ले रही। ऐसे में किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है। शाहजहांपुर खेड़ा बॉर्डर पर 2 दिसम्बर से पड़ाव डालने की शुरुआत करने वाले किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट बुधवार को वापस लौटेंगे। रामपाल जाट 3 दिन तक जयपुर के अस्पताल में भर्ती रहे हैं। मंगलवार दोपहर बाद उनके अस्पताल से छुट्टी मिली। अब वे वापस पड़ाव पर आने की तैयारी में हैं। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद रामपाल जाट ने कहा कि किसानों का अब तक का आंदोलन सफल है। बारिश व सर्दी के मौसम में भी किसान बॉर्डर पर डटे हैं। उनका यह योगदान सफल होगा। सरकार को अब किसानों की और अधिक परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। अब बॉर्डर पर किसान बीमार होने लगे हैं। दरअसल, दो दिन बारिश होने से किसानों के तम्बू व कपड़े भीग गए। इस मौसम में भीगने से काफी किसानों को खांसी, जुकाम व बुखार हो रहा है। फिर भी वे वहीं पर दवा लेकर रुके हुए हैं। किसानों का कहना है कि सरकार को अब अधिक परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। यही किसान देश को खुशहाली तय करता है। अब उसे परेशान करना ठीक नहीं है।

गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा बोले - गलत करोगे तो रोकेंगे, नहीं मानोगे तो ठोकेंगे

भोपाल, रदेश में पिछले दिनों हुई पत्थरबाजी की घटनाओं को लेकर बुधवार को गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर गलत करोगे तो रोकेंगे, नहीं मानोगे तो ठोकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज ही रहेगा। इससे पहले मिश्रा ने कहा था कि जिस घर से पत्थर आएंगे, उसी घर से पत्थर निकाले जाएंगे। समाज को तोड़ने वाली ताकत कोई भी हो या विध्वंसकारी, किसी को पनपने नहीं देंगे। गौरतलब है कि पिछले दिनों नीमच, उज्जैन और मंदसौर में पत्थरबाजी की घटनाओं के बाद से ही सरकार पत्थरबाजों पर शिकंजा कसने में जुटी है। इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी कह चुके हैं कि पत्थरबाज समाज के दुश्मन हैं। शांतिपूर्ण ढंग से कोई अपनी बात कहे, लोकतंत्र इसकी इजाजत देता है, लेकिन हिंसा करना और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना अक्षम्य अपराध है। गृहमंत्री ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ न केवल कार्रवाई की जाएगी, बल्कि सजा के साथ-साथ नुकसान की राशि भी वसूली जाएगी। इसके लिए भले ही उनकी प्रॉपर्टी ही जब्त क्यों ना करनी पड़े। प्रदेश में कानून का राज ही रहेगा। इससे पहले मिश्रा ने कहा था कि जिस घर से पत्थर आएंगे, उसी घर से पत्थर निकाले जाएंगे। समाज को तोड़ने वाली ताकत कोई भी हो या विध्वंसकारी, किसी को पनपने नहीं देंगे। पिछले दिनों नीमच, उज्जैन और मंदसौर में पत्थरबाजी की घटनाओं के बाद से ही सरकार पत्थरबाजों पर शिकंजा कसने में जुटी है। इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी कह चुके हैं कि पत्थरबाज समाज के दुश्मन हैं।

घने कोहरे के आगोश में प्रदेश के कई शहर

जयपुर, राजस्थान के कई शहरों में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। जयपुर, अजमेर, कोटा के अलावा पश्चिमी राजस्थान बीकानेर संभाग में सुबह कोहरे के साथ आसमान में बादल छाए रहे। इससे कई शहरों में तापमान में गिरावट हुई। माउंट आबू माइनस 3.4 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा शहर रहा। इसके अलावा जोधपुर, जैसलमेर, पाली, उदयपुर में भी तापमान गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया।

राजधानी जयपुर की बात करें तो सुबह शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में कोहरा देखने को मिला। वाहन चालकों को बाइपास पर लाइट जलाकर चलना पड़ा। इधर सर्द हवा चलने से ठिठुरन और गलन बढ़ गई। बादल छाने से सुबह 10 बजे तक भी सूरज नहीं दिखा। जयपुर में बीती रात न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसके अलावा तड़के सुबह कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। नए साल में ये दूसरी बार है जब माउंट आबू में पारा माइनस में दर्ज हुआ। आबू में आज पारा लगभग 5.8 डिग्री सेल्सियस गिरकर माइनस 3.4 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे वहां मैदानी इलाकों में एक बार फिर बर्फ की हल्की परत जम गई। मौसम विभाग ने प्रदेश में 9 जनवरी तक भरतपुर, जयपुर, अजमेर और बीकानेर संभाग के कई जिलों में घना कोहरा छाने की संभावना जताई है। इसके लिए विभाग ने इन क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में गिरावट होने के साथ सर्दी बढ़ने की भी संभावना जताई है। माउंट आबू माइनस 3.4 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा शहर रहा। इसके अलावा जोधपुर, जैसलमेर, पाली, उदयपुर में भी तापमान गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। राजधानी जयपुर की बात करें तो सुबह शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में कोहरा देखने को मिला। जयपुर, अजमेर, कोटा के अलावा पश्चिमी राजस्थान बीकानेर संभाग में सुबह कोहरे के साथ आसमान में बादल छाए रहे।

सीआईएल नोवा पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड
CIN: L17111GJ2003PLC043354
सर्वे नं. 396 (पी), 395/4(पी), मौरैया गांव, सरखेज- बावला हाई-वे,
तालुका: साणंद, अहमदाबाद- 382210
संपर्क नं. +919825800060, 9825104042 फैक्स : +91 250556, 251612
ई-मेइल : investorgrievances.cilnova@chiripalgroup.com,
वेबसाइट: www.cnpcl.com

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (इक्विटी शेयरों की डिलिस्टिंग) नियमन, 2009 के नियम 6 व 7 और अन्य लागू प्रावधानों यदि कोई हो, के अनुपालन में उपर्युक्त नियमनों के तहत, सीआईएल नोवा पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (" कंपनी ")नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि.(एनएसई) से इक्विटी शेयरों के स्वैच्छिक असूचीबद्ध करने हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया में है। कंपनी के निदेशक मंडल ने मार्केट में नगण्य ट्रेडिंग पर विचार करते हुए और प्रशासनिक लागत व अतिरिक्त अनुपालन आवश्यकताओं आदि से बचने के एक प्रयास से सेबी के उपरोक्त असूचीबद्धता नियमनों के अनुपालन में एनएसई से इक्विटी शेयरों की उक्त स्वैच्छिक असूचीबद्धता का 10 नवंबर, 2020 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदन कर दिया है।

हालाकि कंपनी के इक्विटी शेयरों की बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लि. (बीएसई) जिनके ट्रेडिंग टर्मीनलों का देशव्यापी नेटवर्क है, सूचीबद्धता जारी रहेगी और एनएसई से शेयरों की असूचीबद्धता से निवेशकों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

हिते सीआईएल नोवा पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड
ज्योतिप्रसाद चिरीपाल
निदेशक
डिन : 0015695

स्थान : अहमदाबाद
तिथि: 6 जनवरी, 2021